मसूदा में पंचायत राज मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

मसूदा । पंचायत समिति क्षेत्र के ग्राम विकास अधिकारियों ने सम्पूर्ण एवं निरंतर स्वच्छता अभियान के तहत हो रही दमनात्मक कार्रवाइयों के विरोध में विकास अधिकारी संदेश पाराशर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि पिछले दो वर्षों से स्वच्छता को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे अधिकारियों और कर्मचारियों में जागरूकता बढ़ी है। इसके बावजूद तकनीकी खामियों और उच्च अधिकारियों की उदासीनता के कारण कार्यों में बाधाएं आ रही हैं। निविदा प्रक्रिया में अनियमितताओं के आरोपज्ञापन में आरोप लगाया गया कि कई पंचायत समितियों में निविदा प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं कई स्थानों पर बिना अनुभव और संसाधन वाले ठेकेदारों को काम दे दिया गया, जिससे सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई है। वहीं कुछ मामलों में एक ही ठेकेदार को कई ग्राम पंचायतों का कार्य सौंप दिया गया। वित्तीय संसाधनों की कमी से प्रभावित कार्य-- ग्राम विकास अधिकारियों ने बताया कि कई जिलों में वित्त आयोग की राशि समय पर नहीं मिलने से सफाई कार्य बाधित हो रहे हैं। कई ग्राम पंचायतों में निविदा अवधि समाप्त होने के बावजूद नई निविदाएं जारी नहीं की गई हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर वास्तविक दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

अजमेर में 'व्हेन गॉड्स डोंट मैटर' कविता संग्रह पर चर्चा

अजमेर/जयपुर। जयपुर के पब्लिसिस्ट और कवि जगदीप सिंह के कविता संग्रह 'व्हेन गॉड्स डोंट मैटर' पर अजमेर के प्रताप महल में एक चर्चा का आयोजन किया गया। इस दौरान लेखक ने प्रोफेसर मालती माथुर के साथ संवाद किया, जिसमें कविताओं को थेरेप्यूटिक और भावनाओं की अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप में समझने पर चर्चा हुई। इस दौरान जगदीप सिंह ने कहा कि कविता भावनाओं को व्यक्त करने का सशक्त माध्यम है, लेकिन इसके साथ ही उसमें शिल्प का संतुलन होना भी जरूरी है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि कविताएं संरचित होनी चाहिए और उनमें एक मूलभूत लय बनी रहनी चाहिए। यह कार्यक्रम 'द राइट सर्कल' के अंतर्गत आयोजित किया गया, जो प्रभा खेतान फाउंडेशन की पहल है। आयोजन एहसास वीमेन, अजमेर और वीकेयर के सहयोग से किया गया था, जिसमें प्रताप महल हॉस्पिटैलिटी पार्टनर के रूप में शामिल था। प्रताप महल के महाप्रबंधक, देवेंद्र रत्नावत ने लेखक और मॉडरेटर, दोनों को स्मृति-चिह्न भेंट किए। इससे पूर्व, शाम की शुरुआत स्वाति वशिष्ठ द्वारा स्वागत संबोधन के साथ हुई इस सत्र की खास बात यह रही कि इसमें संग्रह की उन कविताओं पर भी चर्चा हुई, जो सिल्विया प्लाथ और टी.एस. एलियट जैसे प्रसिद्ध साहित्यिक हस्तियों से प्रेरित हैं।

रक्तदान किया

करौली, (निसं)। लैब टेक्नीशियन दिवस पर लैब टेक्नीशियन ने रक्तदान कर लैब टेक्नीशियन दिवस मनाया। जिसका उद्घाटन डॉक्टर धर्म बाई मीणा डॉ मनीष शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।

नागरिक सुरक्षा के लिए चीफ वार्डन मनोनीत

अजमेर, (कासं)। जिला कलेक्टर लोक बंधु द्वारा नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। नागरिक सुरक्षा की वार्डन सेवा के तहत मुख्य वार्डन पद पर राजकीय होम्योपैथिक डॉ. आलोक वर्मा तथा अतिरिक्त मुख्य वार्डन पद पर उत्तम गुरबक्शानी को मनोनीत किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारी जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए नागरिक सुरक्षा से जुड़ी गतिविधियों का संचालन करेंगे।

भाविप गार्डन में नि:शुल्क योग शिविर जारी

मदनगंज-किशनगढ़। भारत विकास परिषद द्वारा खोड़ा गणेश रोड स्थित भारत विकास परिषद गार्डन में नियमित योग एवं स्वास्थ्य शिविर नि:शुल्क संचालित किया जा रहा है। शिविर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर स्वास्थ्य का लाभ ले रहे हैं।

योग गुरु प्रभुलाल कुमावत ने बताया शिविर में योग अभ्यास के माध्यम से शरीर को सक्रिय बनाने के साथ कमजोर मांसपेशियों को सशक्त करना, शरीर का बिगड़ा संतुलन सुधारना सहित विभिन्न रोगों से मुक्ति पाने के उपाय सिखाए जा रहे हैं। साथ ही खान-पान, प्राकृतिक चिकित्सा और योग को समन्वित रूप से अपनाने की जानकारी देकर लोगों को रोगमुक्त एवं दवामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जा रहा। योगगुरु प्रभुदयाल द्वारा पिछले आठ दिन से नियमित योग अभ्यास कराया जा रहा है। शिविर समाज में स्वास्थ्य, जागरूकता और निरोगी जीवन की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

अजमेर में बजरंग दल का विरोध प्रदर्शन

अजमेर, (कासं)। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने शुक्रवार को अजमेर शहर के नए बाजार चौपड़ पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए और 'लव जिहाद' के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया।

प्रदर्शनकारियों ने कथित 'लव जिहाद' के खिलाफ पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि इस प्रकार की घटनाएं समाज में अशांति फैलाने का काम करती हैं और इनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने चाहिए।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नासिक में हुई हालिया घटना का जिक्र करते हुए केंद्र सरकार से दोषियों के खिलाफ सख्त और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।

उनका कहना था कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कठोर कानून और त्वरित न्याय जरूरी है।बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा कि इस्लामी जिहाद जैसी गतिविधियां पूरे देश के लिए चिंता का विषय बनती जा रही हैं।

उन्होंने इसे राष्ट्रीय स्तर का मुद्दा बताते हुए सरकार से इस पर ठोस रणनीति बनाने की अपील की।

एसीएस ने बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के निर्देश दिए

■ एसीएस ने ली एडीए की पहली समीक्षा बैठक

अजमेर, (कासं)। नगरीय विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक गुप्ता ने शुक्रवार को अजमेर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ पहली उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में अजमेर के विकास एवं बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए गुप्ता ने एडीए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में एडीए आयुक्त नित्या के. ने प्राधिकरण के विभिन्न कार्यकलापों विकासात्मक गतिविधियों, वित्तीय प्रबंधन, बजट घोषणों की प्रगति एवं प्रदान की जा रही विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं के सबंध में विस्तृत जानकारी दी।

शहर की मुख्य सड़कों की बदहाली और एडीए-पीडब्ल्यूडी के बीच चल रहे क्षेत्राधिकार विवाद पर एसीएस ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि सड़कों के रखरखाव में इंटर-डिपार्टमेंटल इश्यू जनता के लिए परेशानी का सबब नहीं बनने चाहिए। एडीए ने फिलहाल 8 प्रमुख सड़कों को टेकओवर करने पर सहमति जताई है। शेष सड़कों के समाधान के लिए जिला कलेक्टर को समन्वय कर तुरंत निस्तारण की बात कही हैं।

एसीएस ने एडीए की बेशकीमती जमीनों पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर चिंता जताई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगले 15 से 20 दिनों के भीतर एडीए की सभी जमीनों का म्यूटेशन (नाम परिवर्तन) प्राधिकरण के नाम सुनिश्चित किया जाए। सभी जोन में अतिक्रमणों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। नई योजनाओं, विशेषकर किशनगढ़ जोन में वेयरहाउसिंग, पुष्कर फार्म हाउस योजना, सूरज कुण्ड फार्म हाउस योजना, पुष्कर वेडिंग डेस्टीनेशन और ट्रांसपोर्ट हब के कार्यों में तेजी लाई जाए।

बैठक के दौरान आलोक गुप्ता ने मीडिया की भूमिका को सराहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मीडिया में आने वाली नकारात्मक खबरें दरअसल विभाग के लिए एक 'आईना' हैं। इनसे हमें अपनी कमियों और जनता की वास्तविक समस्याओं का पता चलता है। वर्ष 2016 से लंबित दीपक नगर योजना और अन्य पुरानी स्कीमों के अटकने पर एसीएस ने तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की है। उन्होंने जयपुर स्तर पर लंबित मामलों को जल्द सुलझाने का आश्वासन दिया।

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक-न.प.बि/निर्माण. स्की./2026/215 **आम सूचना** दिनांक: 10.4.26

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

फाइल नं.	आवेदक नाम	भूखंड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
10	महबूब खान पुत्र भंवर खान	बद्री विशाल कॉलोनी बरल द्वितीय ख.सं. 2158/1136 भू.सं. 39	92.89 SQ.MTR	आवासीय

-अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

अजमेर मूल आवंटी/अन्तरिति के मूल दस्तावेज गुम हो जाने पर फी होल्ड पट्टा जारी करने के जाम में आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

1. सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर गणेश गुवाड़ी योजना में भूखण्ड G-391 श्रीमती श्वेता गट्टी पत्नी हेमन्त गट्टी को आवंटी किया गया। जिसका पट्टा दिनांक 30/11/2000 को जारी किया गया मूल आवंटी ने दिनाक 11/02/2007 को जरीय मुख्यतारआम श्री विन्सेन्ट फेकलिन पुत्र फॅकलिन बेन्जामिन के जरीय दिनांक 28/02/2007 को जरीय विक्रय पत्र श्रीमती नीलिमा गर्ग पत्नी अशोक गर्ग को विक्रय कर दिया और उप-पंजीयक करा कर नामान्तरण खुलवा लिया 11-4-2016 श्रीमती नीलिमा गर्ग पत्नी अशोक गर्ग के जरीय विक्रय पत्र द्वारा दिनाक 11-04-2016 को श्रीमती श्वेता गट्टी पत्नी हेमन्त गट्टी को बेचान कर दिया उप-पंजीयक करा कर नामान्तरण खुलवा लिया शपथ पत्र व गुमशुदगी रिपोर्ट जिसका एलआर LR NO: 3116709/2026 प्रस्तुत कर अवगत कराया की मूल पट्टा दस्तावेज गुम हो गये हैं। मूल पट्टा उक्त भूखण्ड किसी भी संस्था वित्तीय संस्था या व्यक्ति को बेचान एव बैंक में मोड्गेज नहीं रखा गया है। एव भूखंड संख्या G-391 गणेश गुवाड़ी का फी होल्ड पट्टा जारी किये जाने से किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे उक्त नियत अवधि के पश्चात आपत्ति स्वीकार नहीं होगी फी होल्ड पट्टा जारी कर दिया जायेगा। - योजना प्रभारी, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 64 **जाहिर आम सुचना** दिनांक-17-4-26

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 6/56 पंक्तिशील अजमेर योजना में श्री संजय कुमार विजय पुत्र श्री प्रेमचन्द विजय को आवंटित कर दिनांक-23.07.2009 को मकान का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री संजय कुमार विजय पुत्र श्री प्रेमचन्द विजय द्वारा दिनांक-23.11.2009 को उप-पंजीयक कार्यालय द्वारा पंजीयन करवा लिया गया हैं। श्री संजय कुमार विजय पुत्र श्री प्रेमचन्द विजय ने आवास का बैचान श्री अवनीश शर्मा पुत्र श्री देशबन्धु शर्मा को कर दिया गया। मण्डल द्वारा श्री अवनीश शर्मा पुत्र श्री देशबन्धु शर्मा के पक्ष में परस्पर विक्रय के पश्चात् नामान्तरण के कार्यालय आदेश दिनांक-28.01.2015 को जारी किये गये। श्री अवनीश शर्मा पुत्र श्री देशबन्धु शर्मा ने आवास का बैचान डॉ. अमृत अग्रवाल पुत्र डॉ. मनमोहन अग्रवाल एवम् डॉ. नेहा अग्रवाल पत्नी डॉ. अमृत अग्रवाल को दिनांक-30.12.2015 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द सं. 1884 में पृष्ठ सं. 80 क्रम सं. 2015030011062O3 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक सं. 01 जिल्द सं. 4529 के पृष्ठ सं. 243 से 254 पर दिनांक-30.12.2015 को वरपा किया गया हैं। अब डॉ. अमृत अग्रवाल पुत्र डॉ. मनमोहन अग्रवाल एवम् डॉ. नेहा अग्रवाल पत्नी डॉ. अमृत अग्रवाल ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय वैनल प्रस्तुत कर स्वंय के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तांतरण करने हेतु प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया हैं। डॉ. अमृत अग्रवाल पुत्र डॉ. मनमोहन अग्रवाल एवम् डॉ. नेहा अग्रवाल पत्नी डॉ. अमृत अग्रवाल का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन हैं। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सुचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही तत्पार्दित कर दी जावेगी। - सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड-अजमेर

दिल्ली विश्वविद्यालय UNIVERSITY OF DELHI

विज्ञापन संख्या R&P/314/2026 दिनांक: 12.03.2026

दिल्ली यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज़ में 7वें सेंट्रल पे कमीशन पे मैट्रिक्स के एकेडमिक पे लेवल-10 में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर अपॉइंटमेंट के लिए योग्य उम्मीदवारों से तय एप्लीकेशन फॉर्म में ऑनलाइन एप्लीकेशन मंगाए गए हैं। एप्लीकेशन मिलने की आखिरी तारीख एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ में विज्ञापन छपने की तारीख से दो हफ़्ते है। ज़्यादा जानकारी के लिए, कृपया यूनिवर्सिटी की वेबसाइट www.du.ac.in पर जाएं और "वर्क विद DU" हेड के नीचे "एडवरटाइज़मेंट डिपार्टमेंट्स" पर क्लिक करें।

कोई भी एडेंडम/कॉरिजेंडम सिर्फ़ यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर ही पोस्ट किया जाएगा।

सीबीसीI21231/12/0011/2627 रजिस्ट्रार

दिल्ली विश्वविद्यालय UNIVERSITY OF DELHI

विज्ञापन संख्या R&P/316/2026 दिनांक: 17.03.2026

दिल्ली यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस, इकोनॉमिक्स और साइकोलॉजी डिपार्टमेंट में 7वें सेंट्रल पे कमीशन पे मैट्रिक्स के एकेडमिक पे लेवल-10 में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर अपॉइंटमेंट के लिए योग्य उम्मीदवारों से तय एप्लीकेशन फॉर्म में ऑनलाइन एप्लीकेशन मंगाए गए हैं। एप्लीकेशन मिलने की आखिरी तारीख एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ में विज्ञापन छपने की तारीख से दो हफ़्ते है। ज़्यादा जानकारी के लिए, कृपया यूनिवर्सिटी की वेबसाइट www.du.ac.in पर जाएं और "वर्क विद DU" हेड के नीचे "एडवरटाइज़मेंट डिपार्टमेंट्स" पर क्लिक करें।

कोई भी एडेंडम/कॉरिजेंडम सिर्फ़ यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर ही पोस्ट किया जाएगा।

सीबीसी 21231/12/0002/2627 रजिस्ट्रार

दिल्ली विश्वविद्यालय UNIVERSITY OF DELHI

विज्ञापन संख्या R&P/319/2026 दिनांक: 17.03.2026

दिल्ली यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ़ टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में, 7वें सेंट्रल पे कमीशन पे मैट्रिक्स के अनुसार एकेडमिक पे लेवल 10 में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर अपॉइंटमेंट के लिए योग्य उम्मीदवारों से तय एप्लीकेशन फॉर्म में ऑनलाइन एप्लीकेशन मंगाए गए हैं। एप्लीकेशन मिलने की आखिरी तारीख एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ में विज्ञापन छपने की तारीख से दो हफ़्ते है। ज़्यादा जानकारी के लिए, कृपया यूनिवर्सिटी की वेबसाइट www.du.ac.in पर जाएं और "वर्क विद DU" हेड के नीचे "एडवरटाइज़मेंट - डिपार्टमेंट्स" पर क्लिक करें।

कोई भी एडेंडम/कॉरिजेंडम सिर्फ़ यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर ही पोस्ट किया जाएगा।

सीबीसी 21231/12/0008/2627 रजिस्ट्रार

लाइट माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: 308 अग्रवाल टावर, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर-5, द्वारका, नई दिल्ली-110075
सीआईएन: U67120DL1994PTC216764

सार्वजनिक सूचना शाखा कार्यालय बंद करना

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित शाखा दिनांक 30/06/2026 से बंद कर दी जाएगी।

राज्य	क्रम सं	शाखा का नाम	शाखा का पता
राजस्थान	1.	रतनगढ़	ध्रुव कॉम्प्लेक्स, प्रथम मंजिल, हॉल नंबर 02, डीएसपी कार्यालय के पास, वार्ड नंबर 03, लिंक रोड, रतनगढ़ – 331022
	2.	सरदार शहर	पहली मंजिल, कच्चा बस स्टैंड के सामने, श्री श्याम गैस एजेंसी के पास, पूनिया टावर, वार्ड नंबर-19, सरदारशहर, राजस्थान-331403
	3.	गंगापुर	प्लॉट नंबर 73, वार्ड नंबर-08, ग्राउंड फ्लोर, वीर बजरंग आवासीय कॉलोनी, एलएंडटी फाइनेंस कार्यालय के पास, गंगापुर, भीलवाड़ा, राजस्थान - 311801
	4.	जोजावर	ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर, कुम्हारो का वास, वन चौकी के पास, जोजावर, जिला। पाली, राजस्थान- 306022

ग्राहकों से अनुरोध है कि वे मौजूदा तरीकों से भुगतान जारी रखें और अपने फील्ड अधिकारी से संपर्क करें या हमसे निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क करें: फोन: 079-41057862, ईमेल: grievanceredressal@lightfinance.com
ग्राहकों को सलाह दी जाती है कि वे केवल अधिकृत प्रतिनिधियों से ही लेन-देन करें और सभी लेन-देन की रसीद प्राप्त करें। यह सूचना आरबीआई के दिशा निर्देशों के अनुसार जारी की गई है।